# PROSPECTUS : 2025-26

Navyug Kanya Mahavidyalaya Lucknow

विद्या ददाति विनयम्

ESTD 1963

NAAC Accredited B++



# नवयुग कन्या महाविद्यालय

(सहयुक्त लखनऊ विश्वविद्यालय A++ Grade)

दीनदयाल मार्ग, राजेन्द्र नगर, लखनऊ-226004

*Prospectus Price Rs. 900/-*



# Founder Manager

## Late Shri Deen Dayal Ji.

## History of the College

Navyug Kanya Vidyalaya was founded on July 4, 1943, under the patronage of Navyug Seva Sangh led by Late Shri Deen Dayal Ji. During the span of 82 years it has added new dimensions to its growth and has progressed immensely. In the year 1963 it achieved the status of a Degree college and the faculty of Science., B.Ed. and Commerce were added thereafter. From the session 1994-95 the college achieved another feat as it became one of the first colleges to begin P. G. classes.

## Mission & Vision

At Navyug, we not only impart quality education to young aspiring girls but also make sure that they become part of our vision to create dedicated and independent individuals with a deep compassion for humanity and a zeal to bring positive change in society.

Our Mission is to create an intellectually stimulating atmosphere for our students where they develop an analytical and inquisitive mind, imbibe traits like confidence and self-reliance, and cultivate leadership qualities. We also seek to provide employment avenues to our students so that they can emerge as empowered individuals of our society.



# प्राचार्या का संदेश

प्रिय अभिभावकों / बच्चों

'' नवयुग कन्या महाविद्यालय अपनी जीवन यात्रा के 62वें वर्ष में एक नई पीढ़ी के चरित्र निर्माण और भविष्य संवारने के लिए तत्पर है। भारतीय ज्ञान परम्परा के अनुसार शिक्षा का उद्देश्य शिक्षार्थी की शारीरिक, मानसिक, नौतिक तथा बौद्धिक क्षमताओं का विकास करना है। महाविद्यालय शिक्षा की समग्रता की इस अवधारणा को अपने दिशा निर्देशक सिद्धांत के रूप में अपनाते हुए छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है तथा सतत रूप से प्रयासरत है। महाविद्यालय की विशिष्टता भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों का संवर्धन एवं अनुशासन रही है। दैनिक प्रार्थना सभा तथा छात्राओं के लिए यूनिफार्म लागू करते हुए महाविद्यालय मूल्यपरक एवं समावेशी शिक्षा के क्षेत्र में पथप्रदर्शक रहा है। परिसर का परिवेश छात्राओं को परम्परा तथा आधुनिकता, ज्ञान तथा विज्ञान, तर्क तथा मानवीय मूल्यों के मध्य संतुलन स्थापित कर एक व्यापक व्यक्तित्व के विकास के लिए प्रोत्साहित करता है।

स्वामी विवेकानन्द के विचार में शिक्षा अध्यात्म तथा भौतिकता को एक सूत्र में बॉधने का माध्यम है। महाविद्यालय ने भी बुद्धि कौशल के साथ साथ अजीविका कौशल विकसित करने पर बल देते हुए परिसर में ही रोजगार परक प्रशिक्षण की व्यवस्था की है यथा कम्प्यूटर प्रशिक्षण, फैशन डिजाइनिंग, संभाषण दक्षता आदि जिससे छात्रों की स्वरोजगार तथा नियोजनीयता को बढ़ाया जा सके। महाविद्यालय की छात्राओं ने लखनऊ विश्वविद्यालय के शैक्षणिक जीवन में समय समय पर अनेक उपलब्धियां प्राप्त की है। एनसीसी की कैडेट्स अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के बल पर निरंतर प्रांतीय तथा राष्ट्रीय स्तर पर गणतंत्र दिवस परेड के लिए चयनित होकर भागीदारी करती रही हैं। खेलों में भी छात्राओं ने राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन किया है। आशा करती हूँ कि महाविद्यालय से जुडने वाली भावी छात्राओं का जीवन भी उपलब्धियों से परिपूर्ण हो।

महर्षि अरविंद के शब्दों में "शिक्षा का उद्देश्य स्त्री पुरूष में भेद को भुलाकर एक उत्तम मनुष्य का निर्माण करना है"। इस विचार को अंगीकार करते हुए महाविद्यालय का लक्ष्य छात्राओं को इतना सशक्त व सक्षम बनाना है कि वे लैंगिक परिरेखा से परे विविध क्षेत्रों में अपना योगदान दे सकें।

अंत में उज्जवल भविष्य की कामना के साथ मैं नव प्रवेशी छात्राओं का इस विद्या मंदिर में स्वागत करती हूँ।"

शुभकामनाओं सहित

NAVYUG KANYA MAHAVIDYALAYA विद्या ददाति विनयम् ESTD 1963 LUCKNOW

(प्रो0 मंजुला उपाध्याय)
प्राचार्या

Welcome To Navyug

# लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा अनुमोदित संकायवार कुल सीटों की संख्या का विवरण

| ✓ संकाय | ✓ कुल सीट | ✓ सम्बद्धता का स्तर |
|---|---|---|
| बी०ए० 6/8 सेमेस्टर | 700 | अनुदानित (स्थाई सहयुक्तता प्राप्त) |
| बी०एससी० 6/8 सेमेस्टर (जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, रसायन–ZBC Group) | 100 | अनुदानित (स्थाई सहयुक्तता प्राप्त) |
| बी०एससी० 6/8 सेमेस्टर (भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित–PCM Group) | 60 | अनुदानित (केवल भौतिक शास्त्र विषय स्ववित्तपोषित) (स्थाई सहयुक्तता प्राप्त) |
| बी०एससी० 6/8 सेमेस्टर (सांख्यिकी, भौतिक विज्ञान, गणित–SPM Group) | 30 | अनुदानित (केवल भौतिक शास्त्र विषय स्ववित्तपोषित) (स्थाई सहयुक्तता प्राप्त) |
| बी०कॉम० 6/8 सेमेस्टर | 240 | स्ववित्तपोषित (ल०वि०द्वारा स्थाई सहयुक्तता प्राप्त) |
| एम०कॉम० 4 सेमेस्टर | 50 | स्ववित्तपोषित |
| एम०ए० 4 सेमेस्टर | 60 | स्ववित्तपोषित |
| बी०एड० 4 सेमेस्टर | 50 | अनुदानित एवं एन०सी०टी०ई० से मान्यता प्राप्त |

**प्रवेश से सम्बन्धित जानकारी हेतु महाविद्यालय की वेबसाइट www.nkmv.org.in पर visit करें**

## आवेदन हेतु प्रमुख अर्हताएं–

- बी०ए०/बी०एससी०/बी०काम० में आवेदन हेतु इण्टरमीडिएट में न्यूनतम प्राप्तांक 40%अंक सामान्य वर्ग व अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अनुसूचित जाति/जनजाति श्रेणी के लिए न्यूनतम प्राप्तांक 33% अनिवार्य है।
- राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय (National Open Board) के अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। उपरोक्त अर्हता उनके लिए भी अनिवार्य है।
- बी०काम० में प्रवेश हेतु इण्टरमीडिएट कामर्स या समकक्ष परीक्षा (व्यवसायिक/वोकेशनल पाठ्यक्रम) या अर्थशास्त्र या गणित में से किसी एक विषय के साथ सामान्य वर्ग एवं अन्य पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम प्राप्तांक 40% अंक होना चाहिए एवं अनुसूचित जाति/जनजाति श्रेणी के लिए न्यूनतम प्राप्तांक 33% अनिवार्य है।

## प्रवेश व ऑन लाइन आवेदन सम्बन्धी निर्देश

1. **महत्वपूर्ण निर्देश–** प्रवेश लेने के इच्छुक छात्राओं को महाविद्यालय में रजिस्ट्रेशन से पूर्व लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ की वेबसाइट के एडमीशन पेज पर जाकर LURN के लिए रू0 100/– (रू0 सौ मात्र) देकर रजिस्ट्रेशन कराना होगा। रजिस्ट्रेशन के उपरान्त इस रजिस्टर्ड अभ्यर्थी को उसके रजिस्टर्ड मोबाइल नं0 एवं ई–मेल पर LURN आवंटित हो जाएगा। तदोपरान्त अभ्यर्थी महाविद्यालय का फार्म भरने के लिए अर्ह हो जाएगा। महाविद्यालय में शुल्क देकर फार्म भरने की भी सुविधा उपलब्ध है।
2. **स्नातक प्रथम वर्ष में आवेदन के लिए सामान्य/ओ0बी0सी0 वर्ग के न्यूनतम 40% व अनु0जाति, अनु0 जनजाति वर्ग के 33% अंकों की अनिवार्यता सुनिश्चित कर लें। अभ्यर्थी ने अधिकृत बोर्ड से इण्टरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण की हो।**
3. एक आवेदन पत्र द्वारा केवल एक ही पाठ्यक्रम हेतु आवेदन किया जा सकेगा। अतः पृथक–पृथक पाठ्यक्रम के लिए पृथक–पृथक आवेदन पत्र क्रय करना अनिवार्य होगा।
4. अभ्यर्थी अपना नाम तथा पिता का नाम हाईस्कूल प्रमाण–पत्र के अनुसार ही लिखें।
5. ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने इण्टर/समकक्ष परीक्षा किसी ऐसी संस्था से उत्तीर्ण की है जो भारत सरकार/राज्य सरकार

की शिक्षा परिषद् से अनुमोदित नहीं है, महाविद्यालय ऑनलाइन एडमिशन में सम्मिलित होने हेतु अर्ह नहीं हैं।

6. ऐसे अभ्यर्थी जिन्होने स्नातक परीक्षा ऐसे विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण की है जिसकी मान्यता यू.जी.सी से नहीं है, परास्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु महाविद्यालय ऑनलाइन एडमिशन में सम्मिलित होने हेतु अर्ह नहीं हैं।
7. महाविद्यालय परिसर में भुगतान द्वारा फार्म भरने की सुविधा उपलब्ध है।
8. ऑनलाइन आवेदन पत्र भरते समय वेबसाइट पर मुद्रित दिशा–निर्देश का पूर्णतः पालन करें तथा चेक बाक्स में ''मैं सहमत हूँ'' पर क्लिक करें और आगे बढ़ें।
9. ऑनलाइन आवेदन पत्र के समस्त *अंकित फील्ड्स (Fields) को अवश्य भरें। बिना *अंकित फील्ड्स को भरे आवेदन पत्र सबमिट (Submit) नहीं होगा।
10. अभ्यर्थी स्वयं की पासपोर्ट आकार की फोटो तथा स्वयं के हस्ताक्षर एवं अभिभावक के हस्ताक्षर की jpeg या jpg प्रारूप में अंकित 50KB साइज स्कैन की गयी फाइल को ऑनलाइन फार्म के साथ ऑनलाइन अपलोड करें। अभ्यर्थी वैध ई मेल आई डी बना लें तथा सक्रिय मोबाइल न0 ही फार्म में भरे। उसी मोबाइल नं0 पर भविष्य में विविध सूचनायें दी जायेंगी।
11. अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन पत्र सबमिट (Submit) करने से पहले भरी गयी जानकारी को संशोधित कर सकतें है, लेकिन **सबमिट (Submit) होने के पश्चात् किसी प्रकार का संशोधन नहीं किया जा सकेगा।**
12. किसी भी तकनीकी असुविधा के लिए अभ्यर्थी कार्य दिवस पर प्रातः 10:00 से सायं 5:00 के मध्य हेल्पलाइन नं. 0522 4041116 पर सम्पर्क कर सकते हैं।
13. अभ्यर्थी द्वारा भरे गये ऑनलाइन आवेदन पत्र में कोई त्रुटि होने पर उसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी अभ्यर्थी की स्वयं की होगी।
14. **आवेदन करने वाली पात्र इच्छुक अभ्यर्थिनी अपना "आधार कार्ड" अवश्य तैयार करा लें।**

## महत्वपूर्ण निर्देश

1- As per the Hon. Supreme Court & UGC/ AICTE Regulation, all the students taking admission in this college ought to fill an "Anti Ragging Under taking" each year online at the following sites of ministry of Human Resource Development.

a- www.amanmovement.org (OR)

b- www.antiragging.in

This procedure is very simple and explained on the web sites.

2- The ministry of Human Resource Development has launched a central sector interest subsidy scheme, 2009. The details of the scheme are available on MHRD website www.mhrd.gov.in

3- To avail the benefits of central govt. schemes related to students pursuing Higher Education visit UGC website www.ugc.ac.in

4- **कॉशनमनी (Caution Money) रिफण्ड के सम्बन्ध में सूचना :– कॉशनमनी** बी0ए0, बी0एससी0 तृतीय वर्ष, एम0कॉम0 बी0एड0 उत्तीर्ण/अनुत्तीर्ण होने पर क्रमशः रू0 30/– 40/– 30/– नगद रूप में एवं बी0एड0 को रू0 200/– चेक द्वारा आवेदन करने पर भुगतान किया जायेगा।

5. Cycle Stand **से सम्बन्धित** – छात्राएं अपने वाहन निर्धारित साईकिल स्टैण्ड पर खड़े करें अन्यथा महाविद्यालय सोसाइटी उत्तरदायी नहीं होगा।

6. ऑनलाइन आवेदन हेतु महाविद्यालय की वेबसाइट www.nkmv.org.in के Home Pgae के Pay Online Admission Form Fee 2025-26 पर जाकर फार्म की फीस जमा करें, तत्पश्चात अगले दिन वेबसाइट के Home Page पर Fill Online Admission Form 2025-26 के द्वारा फार्म भर कर सबमिट करने के पश्चात उसका प्रिण्टआउट अपने पास अवश्य 2 प्रतियों में सुरक्षित रखें, जिसे काउंसिलिंग के समय अपने तथा अभिभावक के हस्ताक्षर कर, अंकतालिका व अन्य प्रमाण पत्रों

*Welcome To Navyug*

की स्वप्रमाणित प्रति संलग्न कर प्रस्तुत करना अनिवार्य है। इस पासवर्ड को आप तीन वर्ष तक सुरक्षित रखें क्योंकि महाविद्यालय से मिलने वाली सारी सुविधाएं इस पासवर्ड से Linked हैं।

7. **यदि इण्टर के बाद प्रवेश लेने में एक या अधिक वर्ष का अन्तराल हो, तो अन्तराल के कारण को स्पष्ट करते हुए (10रू. के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा बनाया गया शपथ–पत्र) काउंसिलिंग के समय मूल रूप में प्रस्तुत करना अनिवार्य है।**
8. यदि आप भारण (Weightage) या आरक्षण का लाभ चाहते हैं तो काउंसिलिंग के समय आवेदन–पत्र के प्रिन्ट आउट के साथ सम्बन्धित प्रमाण–पत्र की छायाप्रति व मूलप्रति अवश्य प्रस्तुत करें।
9. प्रवेश हेतु योग्यता सूची (Merit list) वेबसाइट पर देखने के लिए उपलब्ध रहेगी।
10. वे अभ्यर्थी जो अनुसूचित जाति/जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के हैं, उत्तर प्रदेश के मूल निवासी हैं, को ही आरक्षण का लाभ देय होगा तथा अन्य प्रदेशों के अनुसूचित जाति/जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थी सामान्य श्रेणी के लिए योग्य माने जायेंगे आरक्षण का लाभ लेने वाले अभ्यर्थी को OBC/SC/ST के जाति प्रमाण पत्र की संख्या भरनी होगी। OBC आवेदक का प्रमाण पत्र **01 जुलाई, 2022** के बाद का होना चाहिए।
11. सामान्य वर्ग के आवेदक जो आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) के आरक्षण का लाभ लेना चाहते हैं उन्हें सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाणपत्र 01–04–2025 के बाद का प्रस्तुत करना होगा।
12. प्रवेश के समय जमा किया गया समस्त शुल्क किसी भी स्थिति में वापस नही किया जायेगा।
13. छात्रत्व के दौरान रैगिंग जैसी कुत्सित घटना में सम्मिलित होने पर छात्र के विरूद्व माननीय उच्चत्तम न्यायालय के निर्देशानुसार कार्यवाही की जायेगी।
14. जाति तथा आय प्रमाण पत्र की सत्यता की वेबसाइट से पुष्टि की जायेगी। प्रमाण पत्र का डाटा वेबसाइट पर उपलब्ध न होने पर, प्रमाण पत्र स्वीकार नहीं होगा तथा सम्बन्धित लाभ पाने का अधिकार भी स्वतः समाप्त हो जायेगा।
15. अनु.जाति/अनु.जनजाति एवं अ.पि. वर्ग के वे अभ्यर्थी जिनका चयन सामान्य श्रेणी (ओपेन लिस्ट) में हो जाता है, को काउन्सिलिंग के लिए सामान्य वर्ग (ओपेन लिस्ट) के अभ्यर्थियों के साथ ही अनिवार्य रूप से उपस्थित होना होगा।
16. प्रवेश से सम्बन्धित अध्यादेश के प्रावधान के प्रतिपादन के सम्बन्ध में सभी विवाद महाविद्यालय की प्राचार्य/प्रवेश समिति को सौपें जायेंगे और उनका निर्णय अन्तिम होगा।
17. प्रवेश से सम्बन्धित सभी कानूनी विवादों का निपटारा लखनऊ न्यायालय में ही किया जायेगा।
18. यदि कोई अभ्यर्थी असत्य सूचनाओं/अनुचित साधनों के आधार पर अथवा फर्जी अंक पत्र के आधार पर प्रवेश पाता है तो जिस समय भी यह तथ्य उद्घाटित होगा, उसका प्रवेश प्रारम्भ से ही अकृत एवं शून्य माना जायेगा और उसका प्रवेश निरस्त कर दिया जायेगा तथा उसके विरूद्ध IPC की सम्बन्धित धाराओं के अन्तर्गत कार्यवाही की जायेगी। अभ्यर्थी शुल्क वापसी की अधिकारी नहीं होगी।
19. 75% उपस्थिति अनिवार्य है।
20. गम्भीर बीमारी के कारण अप्रत्याशित स्थिति उत्पन्न होने पर महाविद्यालय उत्तरदायी नहीं होगा।

## परास्नातक– M.Com. (Pure Commerce), M.A.(Economics)

21. **(A) अर्हता** :– **i)** एम.कॉम. प्रथम वर्ष एवं एम.ए. अर्थशास्त्र में प्रवेश हेतु स्नातक स्तर की परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। **(ii) सामान्य व अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए स्नातक परीक्षा में न्यूनतम 45 प्रतिशत तथा अनु0 जाति व अनु0 जनजाति वर्ग के लिए न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य है।**

(B) परास्नातक में प्रवेश मेरिट एवं काउंसिलिंग के आधार पर ही होगा। परास्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु हाईस्कूल,

इण्टर, स्नातक स्तर की उत्तीर्ण परीक्षाओं तथा परास्नातक जिस विषय में का चयन किया जा रहा हो स्नातक स्तर पर उस विषय में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष में प्राप्त अंकों का कक्षावार विवरण भी भरा जाना अनिवार्य है।

(C) परास्नातक में प्रवेश हेतु काउंसिलिंग के समय हाईस्कूल, इण्टर, स्नातक प्रथम वर्ष, द्वितीय वर्ष एवं तृतीय वर्ष की अंकतालिकाओं एवं सम्बन्धित प्रमाण पत्रों को अभ्यर्थिनी को अपने साथ लाना अनिवार्य है।

22. यदि दो या दो से अधिक अभ्यर्थियों ने मेरिट सूची में बराबर अंक/श्रेणी प्राप्त किये है तो प्रवेश के लिए मेरिट का निर्धारण निम्नलिखित प्रकार से होगाः—

(i) पहली वरीयता उस अभ्यर्थी को दी जायेगी जिसने इण्टरमीडिएट या समकक्ष परीक्षा में अंकों का उच्च प्रतिशत प्राप्त किया है।

(ii) यदि इण्टरमीडिएट में प्राप्त अंक भी बराबर है तो ऐसी स्थिति में पहली वरीयता उस अभ्यर्थी को दी जायेगी जिसने हाई स्कूल या समकक्ष परीक्षा में उच्च प्रतिशत प्राप्त किये हैं।

(iii) यदि इण्टरमीडिएट और हाई स्कूल में प्राप्त अंक बराबर है तो ऐसी स्थिति में वरिष्ठ अभ्यर्थी को वरीयता दी जायेगी।

23. अभ्यर्थी मेरिट पर भारण (Weightage) (यदि कोई है) के लिए हकदार होगा।

24. आरक्षण, उत्तर प्रदेश सरकार/विश्वविद्यालय के नियमों के अन्तर्गत अनुज्ञेय के रूप में प्रदत्त किया जायेगा।

25. महाविद्यालय के पास किसी भी प्रवेश को किसी भी अवस्था में निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

26. महाविद्यालय में पठन—पाठन का माध्यम हिन्दी व अंग्रेजी है।

27. सूचना पट/वेबसाइट/स्क्रोल बोर्ड के माध्यम से छात्राओं से सम्बन्धित सूचनायें/निर्देश प्रसारित किये जाते हैं, जिसे नियमित रूप से देखना छात्राओं का दायित्व है, ऐसा न करने पर यदि छात्रा को कोई हानि होती है, तो उसके लिए वह स्वयं उत्तरदायी होगी।

28. डिग्री की अंतिम परीक्षा उत्तीर्ण करने के उपरान्त, काशनमनी, प्रथम वर्ष की शुल्क रसीद प्रस्तुत करने पर, केवल तीन वर्ष के अन्दर देय होगी।

## पुरस्कार सम्बन्धी सूचना

✸ **समस्त विषयों में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को वार्षिकोत्सव के अवसर पर पदक प्रदान किये जाने का भी प्राविधान है। जिसके लिए समारोह से पूर्व मेडल समिति द्वारा छात्राओं की सूची जारी की जाती है। अतः छात्राओं से अपेक्षित है कि वे सूची अवश्य देखें तथा इस सम्बन्ध में मेरिट से सम्बन्धित आपत्ति होने पर मेडल समिति से कार्यक्रम से पूर्व अवश्य सम्पर्क करें। कार्यक्रम के पश्चात किसी भी छात्रा द्वारा पदक पर किये गये दावे पर विचार संभव नहीं हो सकेगा।**

✸ **प्रत्येक वर्ष संस्थापक प्रबन्धक स्व. बाबू श्री दीन दयाल जी की स्मृति में महाविद्यालय की सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाशाली छात्रा को "नवयुग रत्न" के पुरस्कार से सम्मानित भी किया जाता है।**

✸ **दर्शनशास्त्र विषय में 75% से अधिक अंक अर्जित करने वाली छात्राओं को श्रीमती महेन्द्र कौर सोढ़ी की स्मृति में नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।**

# स्नातक स्तर पाठ्य विषय चयन

## कला संकाय

कला में स्नातक में प्रवेश की इच्छुक छात्रायें निम्न विषयों में से तीन विषयों का चयन करें : मेजर 01, मेजर 02 तथा माइनर 01 विषय का चयन करना होगा।

1. अंग्रेजी / संस्कृत
2. हिन्दी / प्रयोजनमूलक हिन्दी
3. अर्थशास्त्र
4. राजनीतिशास्त्र
5. दर्शनशास्त्र / सांख्यकीय (Statistics) / शारीरिक शिक्षा
6. मनोविज्ञान / शिक्षाशास्त्र
7. इतिहास / प्राचीन भारतीय इतिहास
8. समाजशास्त्र / गणित
9. B.A, B.Sc, B.Com (CO-Curricular Course/Vocational Course) (in each Semester)

## महत्वपूर्ण सूचना :

निम्नलिखित विषय साथ नहीं लिये जा सकते हैं :—

1) इतिहास / प्राचीन भारतीय इतिहास
2) मनोविज्ञान / शिक्षाशास्त्र
3) हिन्दी / प्रयोजनमूलक हिन्दी (Functional Hindi)
4) तीन साहित्यिक विषय एक साथ नहीं लिए जा सकते हैं ।
5) **छात्रा द्वारा चयनित विषय काउन्सलिंग के बाद ही फाइनल होंगे।**
6) तीन ऐसे विषय जिसमें प्रैक्टिकल हों एक साथ नहीं लिए जा सकते।

## नोट :–

MATHS एवं STATISTICS विषय का चयन करने वाली छात्राओं के लिए अन्य विषय चयन हेतु ध्यान देने योग्य बातें –

- **Maths + Statistics + Economics**
- **Maths + Statistics** विषय के प्रवेश हेतु न्यूनतम अंक 50 प्रतिशत होना अनिवार्य है।
- **BA III** में **Maths + Statistics** लेना अनिवार्य है।
- **Physical Education** में प्रवेश प्राप्त करने के लिए छात्रा को वरीयता इस आधार पर दी जायेगी कि उसने स्कूल स्तर पर खेल कूद प्रतियोगिताओं में प्रतिभागिता की हो। इसकी पुष्टि के लिए प्रमाण पत्र संलग्न करें।

# प्रयोजनमूलक हिन्दी (Functional Hindi)

**प्रयोजनमूलक हिन्दी (Functional Hindi)** विषय के अन्तर्गत भाषा का व्यवहारिक ज्ञान प्रदान किया जाता है तथा व्यवसायिक क्षमता, प्रिण्ट व इलेक्ट्रानिक मीडिया में कार्य शैली का ज्ञान, लेखन कला व तकनीक का प्रयोग करना सिखाया जाता है।

## विज्ञान संकाय स्तर के विषय

| | | |
|---|---|---|
| 1. रसायन विज्ञान | 1. रसायन विज्ञान | 1. सांख्यिकी |
| 2. वनस्पति विज्ञान | 2. गणित | 2. भौतिक विज्ञान |
| 3. जन्तु विज्ञान | 3. सांख्यिकी | 3. गणित |

## Innovations and Insights















Welcome To Navyug

# Celebrating Excellence : Founder's Day & Awards








# Unity and Service : Building Strength Together




















# Play, Perform and Shine









# Ideas Unleashed























# Empowering Futures : Schemes and Bonds








# Alumnae Meet



# इन्फ्रास्ट्रक्चर

## पुस्तकालय



महाविद्यालय का पुस्तकालय पूरी तरह से कम्प्यूटीकृत है तथा यहाँ **e-resource** सुविधा उपलब्ध है जिसके अन्तर्गत 1,99,500 से अधिक पुस्तकें एवं 3800 से अधिक पत्रिकाएं ऑनलाइन उपलब्ध है। N-list के माध्यम से **e-Shodh** Sindhu तथा NDL की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। छात्राएं महाविद्यालय पुस्तकालय से 'पासवर्ड प्राप्त कर इस सुविधा का लाभ घर बैठकर भी उठा सकती हैं। इसके अतिरिक्त पुस्तकालय के पास 71,350 से अधिक प्रिंटेड पुस्तकों का संग्रह है तथा 6000 E जर्नल्स की भी सुविधा उपलब्ध है। विगत सत्र से लाइब्रेरी का डिजिटिलाइजेशन एवं पूर्ण आटोमेशन हो जाने के कारण, छात्राओं को प्लास्टिक निर्मित विषे बार–कोड युक्त लाइब्रेरी कार्ड प्रदान किये जाते हैं। बुक–बैंक का अतिरिक्त लाभ भी प्राप्त होता है।

## स्मार्ट क्लास

सत्र 2023–24 से महाविद्यालय में स्मार्ट क्लास रूम में कक्षाओं की सुविधा भी उपलब्ध है।


## स्पोर्ट्स रूम




महाविद्यालय में आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित गेम्स हाल में इनडोर खेलों की सुविधा उपलब्ध है। उचित प्रशिक्षण के साथ महाविद्यालय की अनेक छात्राएं समय–समय पर अन्तरमहाविद्यालयी एवं अन्तरविश्वविद्याालयी प्रतियोगिताओं में भाग लेकर विजयी रही हैं जैसे टेबल टेनिस, वॉलीबाल, शतरंतज, योगा, एथलेटिक्स इत्यादि। महाविद्यालय में छात्राओं को आत्मरक्षा के लिए 'मार्शल आर्ट प्रशिक्षण' की सुविधा अभिभावकों की अनुमति होने पर सशुल्क उपलब्ध करायी

# कम्प्यूटर लैब

## 'O' Level and 'CCC' Computer Courses



महाविद्यालय में एक अत्याधुनिक कम्प्यूटर लैब उपलब्ध है। जहां छात्राओं को समय–समय पर कम्प्यूटर प्रशिक्षण दिये जाने की सुविधा है। जिससे छात्राएं ग्लोबल आवश्यकताओं के साथ कदम से कदम मिला कर चल सकें एवं आधुनिक तकनीक के प्रयोग में सक्षम हो सकें। महाविद्यालय में NIELIT (DOEACC) 'O-Level' तथा 'CCC' Course भी सशुल्क संचालित है क्योंकि सरकारी विभाग DOEACC के प्रमाण पत्र को ही मान्यता प्रदान करते हैं। यह कोर्स छात्राओं की सुविधा हेतु महाविद्यालय की समयावधि में संचालित किये जाते हैं।

# प्रयोगशालायें एवं शिक्षण कक्ष



महाविद्यालय में सभी शिक्षण कक्ष विशाल, हवादार एवं प्राकृतिक प्रकाश से युक्त हैं। प्रयोगशालाएं उपकरणों से सुसज्जित व नवीनतम टैक्नोलॉजी से युक्त हैं।

# प्रयोजनमूलक हिन्दी



# ओपेन जिमनेजियम



छात्राएं अपने फ्री पीरियड में जिम की सुविधा उठा पायें व अपने को फिट एवं एक्टिव रख सकें, इसके लिए ओपेन जिम की भी व्यवस्था की गई है।

# ऑडीटोरियम




महाविद्यालय में विभिन्न गतिविधियों हेतु इलेक्ट्रानिक पोडियम, मल्टीमीडिया प्रोजेक्टर, स्क्रीन, माइक एवं ऑडियों–विडियो सुविधाओं से युक्त एक विशाल सभागार है, जिसमें राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के सेमिनार/कान्फ्रेन्स/वर्कशाप/प्लेसमेण्ट एक्टिविटीज/सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम/सांस्कृतिक कार्यक्रम/डिबेट्स/अन्तर–महाविद्यालयी एकेडेमिक व सहगामी कार्यक्रम/प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती है।

## आई.आई.टी. सर्टिफिकेशन कोर्स (शिक्षा मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त)

नवयुग में प्रवेश प्राप्त छात्राओं के लिए महाविद्यालय द्वारा आई0आई0टी0, मुम्बई के माध्यम से साफ्टवेयर पर आधारित अनेक पाठ्यक्रमों का सर्टिफिकेट कोर्स कराने की व्यवस्था की गई है। जिसका संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है:–

1– प्रशिक्षण शुल्क न्यूनतम 200/– एवं अधिकतम 600/– देय होगा ।

2– कला, वाणिज्य, विज्ञान, स्नातक एवं परास्नातक सभी इसके लिए अर्ह हैं।

3– प्रशिक्षण के लिए विभिन्न पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं छात्राएं अपनी योग्यता एवं रूचि के अनुसार जिसका चयन कर सकती हैं।

4– प्रशिक्षण प्रत्येक दिन 2 घण्टे का होगा।

5– प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली छात्रा प्रशिक्षण के दौरान प्रत्येक एक माह के पश्चात Online परीक्षा दे सकती है और सफल होने पर प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकती है। यह प्रमाण पत्र आई0आई0टी0, मुम्बई द्वारा दिया जायेगा।

## आर्थिक सुविधाएं एवं छात्रवृत्तियाँ

1. सभी छात्रवृत्तियाँ, पुरस्कार आदि स्वीकृत करते समय छात्राओं के प्राप्तांकों, कक्षाओं में उनकी **नियमित उपस्थिति** तथा आचरण को ध्यान में रखा जाता है।
2. विद्यालय की ओर से निर्धन एवं मेधावी छात्राओं को निर्धन सहायता कोष, पुस्तक सहायता कोष, शुल्क–मुक्ति एवं पुस्तक बैंक आदि की सुविधा उपलब्ध है।
3. बर्सरी मैरिट छात्रवृत्ति–मेधावी तथा आर्थिक रूप से कमजोर छात्राओं के लिए विश्वविद्यालय की ओर से यह छात्रवृत्ति दी जाती है।
4. समाज कल्याण, विकलांग कल्याण, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा लागू योजनाओं का लाभ उन्ही छात्राओं को प्रदान किया जाता है, **जिनकी उपस्थिति कम से कम 75% हो।**

Welcome To Navyug

## उपस्थिति एवं यूनीफार्म सम्बन्धी सूचना

**(A)** (i) स्नातक स्तर (बी.ए., बी.एस.सी., बी.कॉम) एवं एम0काम0, एम0ए0 की छात्राओं का परिधान इस प्रकार है–

- स्लेटी रंग (Grey Colour) का कुर्ता घुटने से कम से कम दो इंच नीचा, पौनी बाजू एवं कॉलर वाला
- सफेद सलवार।
- सफेद दुपट्टा।
- काले जूते (बिना हील के होने चाहिए)
- सर्दी के मौसम के लिये काला या नेवी ब्लू ब्लेजर/स्वेटर।

(ii) बी.एड की छात्राओं के लिये नीला आसमानी कुर्ता रहेगा। शेष परिधान स्नातक स्तर के समान रहेंगे। शिक्षण – प्रशिक्षण के समय वह नीली आसमानी साड़ी अवश्य पहनेंगी।

**(B)** छात्राओं की उपस्थिति 75% अनिवार्य है।

## SKILL - ORIENTED COURSE (Approved by Uttar Pradesh Kaushal Vikas Mission)

### वर्तमान सत्र में निम्नलिखित कार्यक्रमों का संचालन प्रस्तावित है :–

- 'O' Level & CCC Computer Course NIELIT (DOEACC) By IICE
- Dress Designing & Tailoring
- Makeup Art
- Other short Term Courses/Value Aided Courses
- Personality Development Course/Soft Skill development Courses
- राजर्षि टन्डन मुक्त विश्वविद्यालय का केन्द्र खुल गया है। जिसका अध्ययन केन्द्र कोड है S-1990

**नोट–** 1–इन कार्यक्रमों में प्रवेश ऐच्छिक है। प्रत्येक कौशल विकास कार्यक्रम में छात्राओं की निर्धारित न्यूनतम संख्या होने पर ही वह कार्यक्रम संचालित किया जायगा।
2–उपरोक्त कार्यक्रमों के लिए छात्राओं से न्यूनतम शुल्क लिया जायगा।

## GOVERNMENT AIDED PROGRAMMES

- ☞ NCC (National Cadet Corps)
- ☞ NSS (National Service Scheme)
- ☞ Software Learning Programme (A project of I.I.T./B approved by MHRD

# Governing Board

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री कौशल किशोर अग्रवाल | . | अध्यक्ष |
| 2 | श्री विजय दयाल | . | प्रबन्धक/सचिव |
| 3 | श्रीमती पुष्पलता यादव | . | उपाध्यक्ष |
| 4 | श्री रवि प्रकाश अशोक | . | सहा० प्रबन्धक/सहा० सचिव |
| 5 | डा० मीनाक्षी प्रसाद | . | कोषाध्यक्ष |
| 6 | सुश्री शैलेन्द्र श्रीवास्तव | . | सहा० कोषाध्यक्ष |
| 7 | प्रो० मंजुला उपाध्याय | . | प्राचार्या/पदेन सदस्या |

## STUDENT ORIENTED BODIES

- ★ Proctorial Board (प्रोक्टोरियल बोर्ड)
- ★ Student Council (छात्रा परिषद्)
- ★ Parent - Teacher Forum (अभिभावक शिक्षक मन्च)
- ★ Women's Assistance/grievance Redressal Committee (महिला सहायता/शिकायत निवारण समिति)
- ★ Alumni Association
- ★ SC/ST CELL (अनुसूचित जाति/जनजाति प्रकोष्ठ)
- ★ Electoral Literacy Club
- ★ Online Education & LMS Cell
- ★ Industry, Academy, Integration and skill development cell.
- ★ Cell for Differently abled students SEDGS
- ★ Mentoring & Counselling cell.

## STUDENT COUNCIL




## ANTI RAGGING CELL (रैगिंग विरोधी प्रकोष्ठ)

विश्वविद्यालय अनुदान आयेग के निर्देशानुसार महाविद्यालय परिसर को रैगिंग मुक्त बनाने के उद्देश्य से यह प्रकोष्ठ कार्यरत है। किसी भी छात्रा के रैगिंग में लिप्त पाये जाने पर उसके विरूद्ध अनुशासनात्मक/दण्डात्मक कार्यवाही विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नियमानुसार की जायेगी। इस सम्बन्ध में शपथ पत्र प्रवेश के समय छात्रा एवं अभिभावक को हस्ताक्षर करके जमा करना अनिवार्य होगा। इस सम्बन्ध में यू0जी0सी0 की टोल फ्री हेल्प लाइन नम्बर 1800–180–5522 है। विस्तृत जानकारी www.ugc.ac.in पर भी प्राप्त की जा सकती है।

## छात्राओं के लिए अन्य विशेष सुविधाएं

छात्राओं में स्वस्थ जीवन शैली को अपनाने की प्रवृत्ति का विकास करने के दृष्टिकोण से निम्नलिखित सुविधाएं विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी महाविद्यालय परिसर में उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाना प्रस्तावित है :–

### (A) विशेषज्ञों द्वारा परामर्श

- ☞ विशेषज्ञों द्वारा मनोवैज्ञानिक परामर्श।
- ☞ स्त्री रोग विशेषज्ञ (Gynecologist) द्वारा समय–समय पर परामर्श।
- ☞ विशेषज्ञों द्वारा समय–समय पर छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण।

**(B) छात्राओं की शैक्षणिक आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु महाविद्यालय परिसर को वाई–फाई कर दिया गया है जिससे छात्राएं निरन्तर शैक्षणिक गतिविधियों से अपडेट रह सकें। परन्तु यह सुविधा केवल और केवल शैक्षणिक गतिविधियों से सम्बन्धित कार्यों की पूर्ति हेतु ही स्वीकार्य होगी इससे अन्यथा मोबाइल का उपयोग दुरुपयोग समझा जायेगा तथा दण्डनीय होगा।**

# ANNUAL FEE CHART FOR THE YEAR 2025-26

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| B.A. I | - | | 4160 | B.Com. I | - | 19300 |
| B.A. II | - | | 3630 | B.Com. II | - | 18700 |
| B.A. III | - | | 3650 | B.Com. III | - | 18700 |
| B.Sc. I | - | ZBC | 5900 | PCM/SPM | - | 12660 |
| B.Sc. II | - | ZBC | 5350 | PCM/SPM | - | 12110 |
| B.Sc. III | - | ZBC | 5150 | PCM/SPM | - | 11910 |
| B.Ed. I | - | | 7320 | M.A. Sem I | - | 8000 |
| B.Ed. II | - | | 6620 | M.A. Sem II | - | 7500 |
| M.Com | - | Sem I - | 15000 | M.A. Sem III | - | 7500 |
| M.Com | - | Sem II - | 14500 | M.A. Sem IV | - | 7500 |
| M.Com | - | Sem III - | 14500 | | | |
| M.Com | - | Sem IV - | 14500 | | | |

B.Com विशेष परिस्थितियों में दो किश्तों में शुल्क जमा करने की सुविधा उपलब्ध है।

नोट : 1. प्रत्येक छात्रा को काउन्सिलिंग के समय रू0 150/— नगद रूप में उक्त फीस के अतिरिक्त देय होगा।

2. **शासन अथवा लखनऊ विश्वविद्यालय/महाविद्यालय द्वारा समय—समय पर की गई शुल्क में वृद्धि सभी छात्राओं को देय होगी।**

3. प्रयोगशाला शुल्क मनोविज्ञान विषय की छात्राओं को बी0ए0 प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष में तथा शिक्षाशास्त्र विषय लेने वाली छात्राओं से (केवल बी0ए0 तृतीय वर्ष) रूपये 240/— अतिरिक्त देय होगा।

4. शारीरिक शिक्षा विषय लेने वाली छात्राओं (बी0ए0 प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष) से प्रयोगशाला शुल्क रू0 240/— अतिरिक्त लिया जायेगा।

5. प्रयोजनमूलक हिन्दी विषय का चयन करने वाली छात्राओं से रू0 2000/— अतिरिक्त व्यावसायिक ट्रेनिंग शुल्क लिया जायेगा।

6. एम0कॉम0 एवं एम0ए0 (अर्थशास्त्र) प्रथम वर्ष तथा बी0एड0 में प्रवेशित उन्हीं छात्राओं से नामांकन शुल्क लिया जायेगा जो लखनऊ विश्वविद्यालय में नामांकित नहीं हैं।

# आरक्षण एवं भारण नीति

| | | |
|---|---|---|
| 1 | भारण | |
| 1.1 | उत्कृष्ट खिलाड़ी | अर्ह परीक्षा में प्राप्त अंकों का 5 प्रतिशत |
| 1.2 | एन.सी.सी. का ''बी'' सर्टीफिकेट | अर्ह परीक्षा में प्राप्त अंकों का 2.5 प्रतिशत |
| 2 | उर्ध्वाधर आरक्षण | |
| 2.1 | अनुसूचित जाति (अधिकतम आरक्षण) | 21% |
| 2.1.1 | अनुसूचित जनजाति(अधिकतम आरक्षण) | 2% |
| 2.1.2 | अन्य पिछड़ा वर्ग (अधिकतम आरक्षण) | 27% |
| 2.1.3 | सवर्ण आरक्षण (आर्थिक रूप से कमजोर केवल सामान्य श्रेणी हेतु) | 10% |

✸ वे अभ्यर्थी जो अनुसूचित जाति जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं सवर्ण आरक्षण के हैं तथा, जिनके पास **उत्तर प्रदेश सरकार के सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त सम्बन्धित प्रमाण पत्र है,** उन्हें ही आरक्षण का लाभ देय होगा।

| | | |
|---|---|---|
| 2.2 | क्षैतिज आरक्षण | |
| 2.2.1 | नवयुग कन्या महाविद्यालय के अध्यापकों/कर्मचारियों के पुत्री/पत्नी/ | 10% |
| 2.2.2 | लखनऊ विश्वविद्यालय के अध्यापकों के पुत्री/पत्नी | 5% |
| 2.2.3 | विकलांगों के लिए | 3% |
| 2.2.4 | स्वतन्त्रता सेनानियों के पुत्र/पुत्री/अविवाहित पौत्री के लिए | 2% |
| 2.2.5 | सेवा निवृत्त भूतपूर्व सैनिकों,स्वयंद्ध अथवा शारीरिक रूप से विकलांग सैनिकों अथवा युद्ध में शहीद हुये सैनिकों अथवा वर्तमान में उत्तर प्रदेश में सेवारत सैनिकों के पुत्री के लिए। | 5% |

## वर्ग प्रमाण पत्र जारी करने हेतु सक्षम अधिकारी –

| | | |
|---|---|---|
| 1. | उत्कृष्ट खिलाड़ी | * निम्नानुसार |
| 2. | विकलांग | जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी |
| 3. | स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी | जिलाधिकारी |
| 4. | एन0सी0सी0 ''बी'' प्रमाण पत्र | सक्षम अधिकारी |
| 5. | अनुसूचित जाति | जिलाधिकारी,अपर जिलाधिकारी,सिटी मजिस्ट्रेट,परगना |
| 6. | अनुसूचित जन जाति | मजिस्ट्रेट अथवा तहसीलदार द्वारा निर्गत कम्प्यूटराइज प्रमाण पत्र |
| 7. | अन्य पिछड़ा वर्ग | |
| 8. | आय–प्रमाणपत्र(छः माह के अन्दर का) | अरक्षण तथा आय प्रमाण पत्र वेबसाइट से प्रमाणित किया जायेगा। |
| 9. | सवर्ण आरक्षण | नगर निगम या पंचायत – नया बना हुआ |

* निम्नलिखित श्रेणी के खिलाड़ियों (छात्र एवं छात्राओं) को खेल के आधार पर भारण विश्वविद्यालय के नियमानुसार देय होगा।

ऐसे खिलाड़ी जिन्होने जनपद में चयन के पश्चात् क्षेत्रीय टीम की ओर से अन्तर–क्षेत्रीय प्रतियोगिताओं में पिछले दो वर्षों में भाग लिया हो, डी0आई0ओ0एस0/आर0आई0ओ0 स0/डी0डी0ओ0 द्वारा दिये गये मूल प्रमाण पत्र ही मान्य होंगे।

ऐसे खिलाड़ी जिन्होने उत्तर प्रदेश का पिछले दो वर्षों में राष्ट्रीय अथवा अन्तर–प्रदेशीय प्रतियोगिताओं में प्रतिनिधित्व किया हो तथा प्रतियोगितायें अधिकारिक मान्यता प्राप्त प्रदेशीय खेलकूद संस्थाओं द्वारा आयोजित की गई हों। इन प्रतियोगिताओं के आयोजकों अथवा राजकीय संस्थाओं द्वारा दिये गये मूल प्रमाण पत्र ही मान्य होंगे।

## काउंसिलिंग के समय प्रवेश प्रक्रिया हेतु अनिवार्य पत्र

1. योग्यता सूची घोषित होने के पश्चात् प्रवेश–प्रक्रिया प्रारम्भ होगी। प्रवेश प्रक्रिया की विस्तृत सूचना महाविद्यालय के सूचना पट/वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगी। योग्यता–सूची समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं की जायेगी। प्रवेश के समय अभ्यर्थी को निम्नलिखित प्रमाण पत्र साथ में लाने होंगेः–

    (a) भरे गये ऑनलाइन आवेदन पत्र के प्रिण्टआउट की स्वहस्ताक्षरित 2 प्रतियां

    (b) हाईस्कूल से लेकर अंतिम परीक्षा तक की मूल अंकतालिकायें एवं प्रमाण पत्र

    (c)आरक्षण–प्रमाणपत्र की मूल–प्रति (अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों हेतु आरक्षण–प्रमाणपत्र उ0प्र0 के सक्षम अधिकारी द्वारा **01 जुलाई 2022** के बाद का निर्गत होना चाहिए।) (सिर्फ आरक्षित वर्ग हेतु) स्वाहस्ताक्षरित।

    (d)सामान्य वर्ग के आवेदक जो आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) के आरक्षण का लाभ लेना चाहते हैं उन्हें सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाणपत्र 01–04–2025 के बाद का प्रस्तुत करना होगा।

    (e) फोटो की तीन प्रतियाँ (फोटो की जीराक्स प्रति स्वीकार नहीं होगी)।

    (f) यदि कोई अन्तराल है तो उसके समर्थन में शपथ पत्र/प्रमाण पत्र।

    (g) समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण–पत्रों की स्वहस्ताक्षरित छाया प्रति के 2 सेट काउंसिलिंग के समय जमा करना अनिवार्य है। तथा मूल प्रमाण–पत्रों/अंकपत्रों को भी साथ लाना अनिवार्य है।

    (h) स्नातक एवं परास्नातक कक्षाओं में प्रवेश हेतु काउंसिलिंग/साक्षात्कार के समय अभ्यर्थिनी को स्वयं उपस्थित होना अनिवार्य है।

    (I) प्रवेश के समय टी0सी0 आवश्यक नहीं है। किन्तु परीक्षा फार्म के साथ टी0सी0 संलग्न किया जाना अनिवार्य है।

2. प्रवेश समिति द्वारा आपका नाम/क्रमांक पुकारे जाने पर अपनी उपस्थिति अवश्य सुनिश्चित करें ऐसा न होने पर आपका प्रवेश का अधिकार समाप्त माना जायेगा।

3. प्रवेश हेतु देर से आने वाले अभ्यर्थियों की सीटें सुरक्षित रखने का उत्तरदायित्व महाविद्यालय का नही होगा।


4. काउन्सलिंग समय – A – प्रातः 10:00 बजे से अपरान्ह 1:00 बजे तक

    B – काउन्सिलिंग की रसीद प्रातः 10:00 बजे से अपरान्ह 12:00 बजे तक ही काटी जायेगी।

5. अभ्यर्थियों को प्रवेश के समय ही पूरा शुल्क ऑनलाइन पेमेण्ट गेटवे द्वारा कर भुगतान रसीद का प्रिन्ट आउट निकालना होगा। कार्ड न हो तो Website से E-Challan द्वारा प्रवेश शुल्क जमा करें। भुगतान हेतु ऑनलाइन प्रक्रिया पीछे दी गई है –

# STEP OF PAYMENT GATEWAY

**GO TO website www.nkmv.org.in and select Online Payment Option**




## प्रवेश फार्म भरने से पहले निर्देश अवश्य पढ़ें

1– छात्रा के लिए अति आवश्यक है कि इस महाविद्यालय में प्रवेश पाने के उपरान्त प्रवेश फार्म मे दिया गया **मोबाइल नम्बर तीन वर्ष तक (Admission से Degree लेने तक ) Change नहीं करेंगी।**

2– छात्रा इस Specimen Form को देखकर ही इण्टरनेट पर सही–सही भरकर ऑनलाइन सबमिट करें।

3– यदि किसी अभ्यर्थी के **इण्टरमीडिएट/स्नातक परीक्षा में निर्धारित न्यूनतम अर्हता से कम अंक हैं तो वह अभ्यर्थी किसी भी सूरत में आवेदन न करें। यदि किसी कारणवश Technical Error के कारण छात्रा का फार्म ऑनलाइन सबमिट हो जाता है तो भी ऐसी स्थिति में महाविद्यालय के पास छात्रा का फार्म निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा। यदि किसी भी कारण से उक्त छात्रा प्रवेश पाने में भी सफल हो जाती है, तब भी छात्रा का प्रवेश स्वतः निरस्त माना जायेगा और छात्रा द्वारा शुल्क को वापिस माँगने या किसी प्रतिपूर्ति का अधिकार भी अमान्य होगा। इस सन्दर्भ में महाविद्यालय से सम्पर्क न करें।**

# NAVYUG KANYA MAHAVIDYALAYA

Deen Dayal Marg, Rajendra Nagar, Lucknow - U.P. (India)

## Admission Form : 2025-26

(For B.A./B.Sc./B.Ed. & B.Com., M.Com Pure Commerce, M.A. Economics)

Upload Latest Coloured Photo (only 50 kb)

Course : [BA/ BSc/ B.Com/ B.Ed./MCom /M.A.

Year/Semester : [I/ II/ III/ IV/ V/ VI]

Stream/Group : [Arts/ Commerce/ Science (ZBC/PCM/SPM)/ B.Ed./ M.Com /M.A.

Candidate Name (English) :

Candidate Name (Hindi) :

Date of Birth : [dd/mm/yyyy]

Contact No. (It Should exist till the completion of the course):

Gender : [Male/ Female/ Third Gender]

Email-Id :

Nationality :

State :

Religion : [ Hindu/ Muslim/ Sikh/ Christian/ Baudh .......]

Category A : [Gen/ OBC/ SC/ ST/ सवर्ण आरक्षण /EWS]

B : रजिस्ट्रेशन / प्रमाणपत्र संख्या ..................................

Caste :

Weightage Category : [PH/ College Staff/ LU Staff/...NA]

Father's Name :

Family Annual Income :

Mother's Name :

Local Guardian :

Father/Guardian's Mobile No.:

Father's Occupation :

Mother's Occupation :

Computer Literate : Yes / No

SPECIMEN FOR ONLINE APPLICATION
ऑन लाइन फार्म भरने के लिए नमूना

Year Gap after Inter :
*(If Any)*
Year Gap after Graduation :
*(If Any)*
Aadhar Card No. : ......................................or Enrolment No. For Aadhar Card ...................

**Address** Same As

Local Address : Permanent Address :

Pin Code : Pin Code :
Nearest Railway Station : Nearest Railway Station :

**Academic Qualification**

| Qualification | Board/Uiversity | Roll No. | S.No. of Marksheet | Passing Instt. | Subject | Year |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 10th or Equivalent | | | | | | |
| 12th or Equivalent | | | | | | |
| Others **(Class of Last Passing Year)** | | | | | | |

| Max. Marks | Marks Obtained | Marks(%) | Result/Div.(I/II/III/Pass/EBP) |
|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 10 | 11 |

**Applying Subject for Present Year**

| SUBJECT-1 | SUBJECT-2 | SUBJECT-3 | |
|---|---|---|---|
| Subjects/Major 1 | Subjects/Major | Subjects/Minor | CC/VC |

काउंसिलिंग के समय अभिभावक तथा छात्रा के द्वारा हस्ताक्षरित महाविद्यालय द्वारा निर्धारित शर्तों के पालन सम्बन्धी निम्नलिखित घोषणा पत्र जमा करें ।

SPECIMEN FOR ONLINE APPLICATION
ऑन लाइन फार्म भरने के लिए नमूना

## घोषणा पत्र

1. मैंने व मेरे अभिभावक ने ब्रोशर एवं महाविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध प्रवेश सम्बन्धी नियमों को भली भाँति पढ़ लिया है तथा उनमें उल्लिखित सभी शर्तें मुझे/मेरे अभिभावक को स्वीकार हैं। शर्तों के उल्लंघन की स्थिति में मेरा प्रवेश निरस्त किये जाने/विश्वविद्यालय परीक्षा से वंचित किये जाने के लिए महाविद्यालय उत्तरदायी नहीं होगा।

छात्रा का हस्ताक्षर ........................................ अभिभावक का हस्ताक्षर ........................................
दिनांक : ....................................... दिनांक : .......................................

# HELPLINE No.: 0522 4041116

## Commerce (Shri Sanjay Kumar) : 7985830426

## Science (Shri Kamal Singh) : 9451028189

## Arts (Smt. Rajni Saxena) : 9839915872

## स्नातक एवं स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु आवश्यक सूचनाएं

### काउंसिलिंग समय प्रातः 10:00 बजे से 01:00 बजे तक

| विवरण | स्नातक | स्नातकोत्तर |
|---|---|---|
| प्रवेश हेतु ब्रोशर Online Download कर form Online Submission करने की समय अवधि | 11 अप्रैल से 31 मई, 2025 | 20 जून से 31 जुलाई, 2025 |
| मेरिट सूची की घोषणा (Open List व आरक्षित श्रेणी) केवल महाविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध | --- | --- |

✸ आवेदनकर्ता अपना रजिस्ट्रेशन नं० डाल कर मेरिट लिस्ट चैक करें और Prospectus ध्यानपूर्वक पढ़ कर सभी Documents काउंसिलिंग के लिए तैयार कर लें। ✸

| बी.ए., बी.एस.सी., बी.कॉम. प्रथम काउंसिलिंग (सामान्य एवं आरक्षित वर्ग) | दिनांक<br>--- | समय<br>--- |
|---|---|---|
| द्वितीय काउंसिलिंग | स्थान रिक्त रहने पर | --- |
| सीट रिक्त होने पर तृतीय मेरिट कटऑफ की घोषणा | स्थान रिक्त रहने पर | --- |

प्रवेश सम्बन्धी समस्त सूचनाएं तथा परीक्षा परिणाम विलम्ब से घोषित होने पर तिथि बढ़ाई जा सकती है, जिसके लिए महाविद्यालय की वेबसाइट www.nkmv.org.in तथा सूचनापट देखें।

**दूरभाष** : 0522-2693298 **वेबसाइट** : www.nkmv.org.in
**ई-मेल** : navyugcollege1963@gmail.com

**नोट : नवयुग कन्या महाविद्यालय, लखनऊ की अन्य कोई शाखा नहीं है।**



*Welcome To Navyug*

